Pepsico: गोरखपुर, चित्रकूट, अमेठी और प्रयागराज में लगेंगे पेप्सिको के प्लांट, हजारों युवाओं को मिलेगी नौकरी

₹3,740 करोड़ के कुल निवेश से 5,650 रोजगार की संभावना, गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के नरकथा ग्राम में वरुण बेवरेजेज लि. को फास्ट-ट्रैक मोड के...

पेप्सिको ने ने सभी चार संयंत्रों में कुल मिलाकर ₹3,740 करोड़ निवेश करने का प्रस्ताव किया है,

नई दिल्ली: राज्य के पूर्वांचल एवं बुंदेलखंड क्षेत्रों में औद्योगिक विकास को गति प्रदान करते हुए, उत्तर प्रदेश सरकार, अपनी निवेश प्रोत्साहन एजेंसी - 'इन्वेस्ट यूपी' के माध्यम से अमेठी, प्रयागराज और चित्रकूट के साथ-साथ गोरखपुर में पेय औद्योगिक संयंत्रों में निवेश आकर्षित करने में सफल रही है. पेप्सिको की अखिल भारतीय फ्रेंचाइजी, वरुण बेवरेजेज लिमिटेड को अमेठी, प्रयागराज और चित्रकूट के साथ-साथ कार्बोनेटेड शीतल पेय, फलों के गूदे या जूस आधारित पेय उत्पादन के लिए मेगा प्रोजेक्ट श्रेणी के तहत अपनी इकाइयां स्थापित करने के लिए फास्ट-ट्रैक मोड के माध्यम से गोरखपुर में भी भूमि आवंटित की गई है. कंपनी ने सभी चार संयंत्रों में कुल मिलाकर ₹3,740 करोड़ निवेश करने का प्रस्ताव किया है, जिसमें लगभग 5,650 रोजगार के अवसरों के सृजन की संभावना है.

इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश ने कहा- 'माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के ओजस्वी नेतृत्व एवं माननीय औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' के मार्गदर्शन में राज्य में फास्ट-ट्रैक भूमि आवंटन और मेगा परियोजनाओं को बढ़ावा देने की नीति अब तक विरल औद्योगिक प्रगति वाले क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने में महत्वपूर्ण सहायक सिद्ध हो रही है.

आगामी परियोजनाओं का विवरण देते हुए अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रथमेश कुमार ने बताया कि वरुण बेवरेजेज लिमिटेड को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के नरकथा गांव में फास्ट ट्रैक मोड के माध्यम से 45 एकड़ भूमि आवंटित की गई है. कंपनी ने गोरखपुर संयंत्र में ₹1071.28 करोड़ के प्रस्तावित निवेश के साथ लगभग 1,500 रोजगार के संभावित अवसरों वाले संयंत्र की स्थापना हेतु प्रस्ताव दिया है.

इसके अलावा, निवेशक को हाल ही में चित्रकूट, अमेठी और प्रयागराज में भी भूमि आवंटित की गई है. बरगढ़ औद्योगिक क्षेत्र-चित्रकूट में 68.6 एकड़ भूमि के आवंटन के साथ, वरुण बेवरेजेज लिमिटेड ने ₹496.57 करोड़ का निवेश करने का प्रस्ताव दिया है, जिसमें लगभग 1,000 रोजगार के अवसर अनुमानित हैं.

सरस्वती हाई-टेक सिटी, नैनी-प्रयागराज में लगभग 24.7 एकड़ भूमि आवंटित की गई है और निवेशक ने ₹1052.57 करोड़ के प्रस्तावित निवेश से संयंत्र स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है, जिसमें 1,500 रोजगार के अवसरों का सृजन सम्भावित है.

26.1 एकड़ क्षेत्र त्रिशुंडी औद्योगिक क्षेत्र-अमेठी में आवंटित किया गया है, जहां प्रस्तावित निवेश ₹1119.59 करोड़ है तथा 1,650 रोजगार का सृजन होने की संभावना है. उक्त कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक व फ्रूट पेय पदार्थों के उत्पादन हेतु संयंत्रों की स्थापना के लिए अतिरिक्त भूमि चरणों में आवंटित की जाएगी.

उत्तर प्रदेश सरकार की निवेशक-अनुकूल पहल एवं 'इन्वेस्ट यूपी' द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधा सेवाओं की सराहना करते हुए, वरुण बेवरेजेज लिमिटेड के अधिशासी निदेशक सह सीओओ कमलेश कुमार जैन ने मुख्यमंत्री, औद्योगिक विकास मंत्री, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, अरविंद कुमार, सीईओ, इन्वेस्ट यूपी, अभिषेक प्रकाश और इन्वेस्ट यूपी टीम का आभार प्रकट किया है.

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार निरंतर राज्य में उद्योग के अनुकूल कदमों तथा औद्योगिक विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा डिजाइन किए गए ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस फ्रेमवर्क का मॉडल सराहनीय है.